तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि

महासमुंद भूमि

रायपुर, सोमवार 7 सितंबर 2026

[सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड]

12 सशिमं में भक्ति, संस्कृति, परंपरा...

12 देव संस्कृति विद्यालय में धूमधाम से मनाई गई ...

खबर संक्षेप

युवक के पास से नशीली दवा बरामद

महासमुंद। सांकरा के गुरु घासीदास चौक के पास एक युवक के कब्जे से नशीली दवा के टैबलेट बरामद किए गए हैं। मामले में आरोपी के विरूद्ध सांकरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम सांकरा गुरु घासी दास चौक के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से बड़ी मात्रा में नशीली पदार्थ टेबलेट रखकर बिक्री करने हेतु ग्राहक का इंतजार कर रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने जगन्नाथ ध्रुव पिता स्व. डोंगर सिंह ध्रुव (26 साल) वार्ड क्र. 02 सांकरा नशीली दवा नाइट्राजेपाम टैबलेट कुल कीमत 4776 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

ढाबा में खाना खाने गए आरक्षक की बाइक चोरी

महासमुंद। ढाबा में खाना खाने गए एक आरक्षक की बाइक अज्ञात चोर ने चोरी कर ली। मामले की रिपोर्ट पर बागबाहरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को आरक्षक नील सिंह ठाकुर ने बताया कि वह थाना सिटी कोतवाली महासमुंद में पदस्थ है। 02 सितंबर की दोपहर लगभग 02 बजे उसने अपने टीवीएस जुपिटर वाहन क्रमांक सीजी 06 जीक्यू 5160 को खोपली पडाव ढाबा के सामने खड़ी कर खाना खाने के लिए चला गया। वापस आने पर देखा कि उसका वाहन उक्त जगह पर नहीं है। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

जिला अस्पताल से शिक्षक की बाइक चोरी

महासमुंद। जिला अस्पताल के पार्किंग स्थल से बाइक चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को सहायक शिक्षक बुद्धेलाल मार्कंडे निवासी ग्राम साराडीह ने बताया कि वह 5 सितंबर को जिला अस्पताल गया था, जहां उसने अपनी मोटर साकयल हीरो होंडा सीडी डिलक्स क्र सीजी 04 डीवी 9654 को जिला अस्पताल खरोरा महासमुंद के पार्किंग स्थल में दोपहर करीब 2.15 बजे खडी कर अस्पताल अंदर चला गया। वापस शाम करीब 5.30 बजे आकर देखा तो उसकी बाइक उक्त स्थल पर नहीं थी। मामले की रिपोर्ट पर जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

खेत के बोर से मोटर पंपों की चोरी

महासमुंद। ग्राम खुटेरी के खेत के बोर से मोटर पंप चोरी के मामले में पिथौरा थाने में तीन आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम खुटेरी के गुलशन निषाद पिता नोहर सिंह निषाद ने अपने खेत में दो जगहों पर 2-2 एचपी के मोटर पंप कीमत 20 हजार रुपए को लगवाया था, जिसे 1-2 अगस्त के बीच किसी ने चोरी कर लिया। जब उसने आसपास मोटर पंपों की तलाश की तब उसे गवाह छबि यादव, कौशल यादव, अंकेश्वर ध्रुव व तरूण निषाद ने बताया कि गांव के चेतन निषाद पिता मनोहर निषाद, युगल किशोर साहू पिता बाबूलाल साहू और बोधन ध्रुव पिता रतन ध्रुव द्वारा मोटर पंप चोरी किया गया है। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि घटना के कुछ दिनों पूर्व गांव के रघुनंदन पटेल पिता पदमन पटेल की एक नग मोटर, घनश्याम पटेल पिता हीरालाल पटेल की खेत की मोटर, कन्हैया साहू पिता पीलालाल साहू का एक नग खेत में लगी मोटर, रमेश बरिहा पिता धनसाय बरिहा का एक बंडल वायर, चंचल सिन्हा पिता परदेशी सिन्हा के खेत से दो नग मोटर, सुकलाल बरिहा पिता परशुराम बरिहा की दो बंडल वायर भी चोरी हुए थे, उक्त मोटर पंप एवं वायर की चोरी उक्त व्यक्तियों द्वारा ही किये जाने का संदेह व्यक्त किया गया। रिपोर्ट पर धारा 303(2), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

संप्रेषण गृह से फरार 3 अपचारी बालकों की अब भी तलाश में पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

समीपस्थ ग्राम बरोंडाबाजार स्थित शासकीय बाल संप्रेक्षण गृह से फरार हुए 8 अपचारी बालकों में से 3 अपचारी बालकों की तलाश अब भी जारी है। जिनकी तलाश स्थानीय पुलिस द्वारा की जा रही है। बताया जा रहा है कि फरार बालकों में से दो कालाहांडी ओडिशा और एक जिले के ही सरायपाली थाना क्षेत्र का निवासी है। जानकारी के अनुसार बाल संप्रेक्षण गृह में कुल 27 अपचारी बालक रह रहे थे। इनमें से 8 बालक 3 अगस्त की अल सुबह सुरक्षा व्यवस्था में सेंध लगाकर खिड़की की लोहे की ग्रिल तोड़कर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही बाल संप्रेक्षण गृह की अधीक्षिका अर्पणा श्रीवास्तव ने कोतवाली पुलिस को तत्काल सूचना दी। पुलिस ने फरार अपचारी बालकों की तलाश के लिए सघन अभियान चलाकर कुछ ही दिनों में महासमुंद से दो, फिंगेश्वर, भाटापारा और कुरूद से एक-एक बालकों को पकड़ कर बाल संप्रेक्षण गृह को सौंप दिया। वहीं सरायपाली के एक और ओड़िशा कालाहांडी के दो बालकों के अब भी फरार होने की जानकारी मिली है।

एक माह पहले बाल संप्रेक्षण गृह से फरार हुए थे 8 अपचारी बालक

5 साल में 28 अपचारी बालक हो चुके हैं फरार

बता दें कि 4 अक्टूबर 2024 को बाल संप्रेक्षण गृह से चार अपचारी बालकों ने योजनाबद्ध तरीके से पहले यहाँ सुरक्षा में तैनात नगर सैनिक संजय मिश्रा और अटेन्डेन्ट गोपाल चंद्रा को पत्थर से मारकर घायल किया और उनके पास से मुख्य दरवाजे के ताले की चाबी चुराकर फरार हो गए। इससे पहले 22 जून 2022 की सुबह तीन अपचारी बालक फरार हुए। 15 अक्टूबर 2021 में यहां से 9 अपचारी बालक एक साथ फरार हुए। 12 मई 2021 को भी यहां से 4 अपचारी बालक फरार हुए थे। इस तरह पिछले पांच साल में अब तक यहाँ से 28 बच्चे फरार हो चुके हैं।

तलाश जारी

कोतवाली प्रभारी राजीव नाहर ने बताया कि बाल संप्रेक्षण गृह से फरार 8 अपचारी बालकों में से पांच को पकड़कर संप्रेषण गृह को सौंपा जा चुका है वहीं शेष तीन की तलाश जारी है। इनमें से दो ओडिशा राज्य के हैं। जिनकी तलाश के लिए वहां की स्थानीय पुलिस से लगातार संपर्क बनाए हुए हैं।

उत्सव : जन्माष्टमी पर्व पर शहर सहित अंचल में उल्लास

कृष्ण जन्मोत्सव के रंग में डूबे रहे श्रध्दालु दिन और रात में हुए विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव जन्माष्टमी का पर्व शुक्रवार को शहर सहित अंचल में उल्लास और भक्ति के माहौल में मनाया गया। सुबह से ही शहर के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। मंदिरों में आकर्षक झांकियां सजाई गईं और भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप के दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा।

शहर के गांधी चौक स्थित बाबा रामदेव मंदिर, तुमगांव मार्ग स्थित ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, गंजपारा स्थित साईं धाम, स्टेशन मार्ग स्थित रामेश्वरी दुर्गा मंदिर, इमलीभाठा स्थित राधा-कृष्ण मंदिर, गांधी चौक स्थित श्रीराम जानकी मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में जन्माष्टमी को लेकर विशेष सजावट की गई थी।

जन्माष्टमी के अवसर पर श्रद्धालुओं ने अपने घरों में भी भगवान श्रीकृष्ण के लड्डू गोपाल स्वरूप की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। घरों में पालना सजाकर भगवान को विराजित किया गया। परिवार के सदस्यों ने भजन-कीर्तन के साथ भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया। कई परिवारों ने व्रत रखकर रात्रि में भगवान के जन्म के बाद पूजा-अर्चना की।

लोहिया चौक में यादव समाज ने सजाई प्रतिमा

जन्माष्टमी के अवसर पर शहर के लोहिया चौक में यादव समाज द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा विराजित की गई है। यहां भी दिनभर श्रद्धालुओं का पहुंचना जारी रहा। समाज की ओर से धार्मिक आयोजन और पूजन की व्यवस्था की गई। युवाओं और बच्चों में भी जन्माष्टमी को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण की पूजा के बाद श्रद्धालुओं को धनिया और मिश्री से तैयार पंजीरी का प्रसाद वितरित किया गया। रविवार को विधिवत प्रतिमा विसर्जित की गई।

चौक-चौराहों पर आधी रात को मटकी फोड़

जन्माष्टमी के उत्साह का रंग शहर के चौक-चौराहों पर भी दिखाई दिया। मध्यरात्रि भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के बाद शहर के अनेक स्थानों पर मटकी फोड़ कार्यक्रम आयोजित किए गए। युवाओं की टोलियों ने गोविंदा की तर्ज पर मानव पिरामिड बनाकर मटकी फोड़ने का प्रयास किया। देर रात तक शहर में जय श्रीकृष्ण और नंद के आनंद भयो के जयकारे गूंजते रहे। कुल मिलाकर जन्माष्टमी के अवसर पर महासमुंद पूरी तरह कृष्ण भक्ति में रंगा नजर आया।

रोहिणी नक्षत्र में जन्मोत्सव की तैयारी

धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण का जन्म भाद्रपद कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि की मध्यरात्रि रोहिणी नक्षत्र में हुआ था। इसी मान्यता के अनुरूप अनेक मंदिरों में रात्रि 12 बजे भगवान के जन्मोत्सव की विशेष तैयारी की गई थी। वहीं शहर के कई मंदिरों में स्थानीय परंपरा और आयोजन व्यवस्था के अनुसार रात करीब 10:11 बजे ही जन्मोत्सव मनाया गया। मध्यरात्रि में भगवान के जन्म का वृत्तांत सुनाया गया और शंख-घंटियों की गूंज के बीच आरती की गई।

पिकअप की टक्कर से बाइक में सवार दो लोगों की मौत

सरायपाली थाने में मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

दशकर्म कार्यक्रम से वापस आ रहे दो लोगों की पिकअप की टक्कर से मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध सरायपाली थाने में अपराध दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि 05 सितंबर को नरेंद्र कुमार नायक एवं बेदमोती उर्फ शांति नायक मोटर सायकल एचएफ डीलक्स क्रमांक सीजी 06 जीक्यू 6458 से दशकर्म कार्यक्रम में ग्राम बरिहापाली गये थे। जहां से वापस आतेसमय दोपहर करीबन 1.30 से 02 बजे के मध्य भंवरपुर रोड बरिहापाली मोड़ के पास सामने से आ रहे पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 07 जीजेड 9807 के चालक ने अपने वाहन को तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट करने से बाइक सवारों को गंभीर चोटें आई। जिन्हें इलाज के सरकारी अस्पताल सरायपाली लाया गया। जहां डाक्टर द्वारा चेक करने पर नरेंद्र नायक एवं बेदमोती उर्फ शांति बाई की मौत हो जाना बताया। मामले को लेकर प्रार्थी लोकेश नायक निवासी ग्राम जलपुर की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ की हुई बैठक

महासमुंद। छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ जिला शाखा महासमुंद के जिला पदाधिकारियों का 6 सितंबर रविवार को सुबह 10.00 बजे विकासखंड बसना एवं सरायपाली में जिलाध्यक्ष उमेश साहू की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में हुई। बसना विकासखंड से लालसिंह खुंटे ब्लाक अध्यक्ष एवं काशीराम यादव को उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया तथा कर्मचारियों से उनके समस्याओं के संबंध में चर्चा की गई। जिसमें आदिवासी विकास विभाग के कर्मचारियों को समय मान वेतनमान एवं समय मान वेतनमान एरियर्स राशि का भुगतान समय पर नहीं होने की समस्या से अवगत कराया गया। बैठक में नंदकुमार देवदास जिला सचिव, मंतराम कन्नौजे जिला उपाध्यक्ष, अनूप कुमार यादव जिला कोषाध्यक्ष, बेदलाल साहू बागबाहरा ब्लॉक अध्यक्ष, कुलेश्वर साहू मीडिया प्रभारी, संतोष दास वैष्णव ब्लॉक अध्यक्ष सरायपाली, रेशम दिवान, मानक दास मानिकपुरी, प्रिय मंजरी कुमार, रीता यदु, रीता बेहरा, हेमलाल प्रधान, काशीराम यादव, कीर्तन लाल देवांगन, जगदीश साहू, कौशल प्रसाद साहू, मनोरंजन प्रधान, लाल सिंह खूंटे, अर्जुन सिदार, लोकेश यादव उपस्थित थे। यह जानकारी उमेश कुमार साहू जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ कर्मचारी संघ जिला शाखा महासमुंद ने दी।

पतेरापाली में यादव समाज ने कृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के तत्वाधान में राजीव नगर पतेरापाली में यादव समाज द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं एवं भक्तगणों द्वारा कृष्ण की पूजा अर्चना एवं आरती किया गया। समाज के बच्चों ने कृष्ण एवं राधा की वेशभूषा धारण कर सभी का मन मोह लिया। कृष्ण की पूजा अर्चना कर समस्त क्षेत्रवासियों एवं प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना की गई। पूजन समाप्ति पश्चात भंडारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रथराम यादव संरक्षक, नरेंद्र कुमार यादव वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी छत्तीसगढ़, दुर्बादल दीप प्रदेश सचिव मगधा यादव समाज, डॉ. पवन कुमार यादव कार्यकारी जिला अध्यक्ष, रेशम यादव अध्यक्ष, नेपाल यादव सचिव, तरूण यादव कोषाध्यक्ष, राजेन्द्र कुमार यादव राजू,जितेंद्र यदु, गिरिधर यादव, देवानंद यादव, भगवानो यादव, अजय यादव, जीतू यादव, बिहारी यादव, जगबंधु यादव, राकेश यादव, राजा यादव, शत्रुघ्न यादव, कृष्णा यादव, लक्ष्मण यादव, पन्ना यादव, लोकेश यादव, कुमरमणि यादव, संजय यादव, कोमल यादव आदि गणमान्य नागरिक, मातृ शक्ति एवं सामाजिक जन उपस्थित थे।

बिना जानकारी दिए बैंक खाता खुलवाकर लाखों का ट्रांजेक्शन, आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बगैर जानकारी दिए एक युवक के नाम से नया सिम कार्ड और बैंक खाता खुलवाकर लाखों के ट्रांजेक्शन किए जाने के मामले की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली थाने में आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

पुलिस ने बताया कि आवेदक नागेंद्र साहू पिता गेमन साहू (23 वर्ष) निवासी वार्ड नं 11 ग्राम परसकोल ने शिकायत आवेदन दिया है कि आरोपी योगेश चंद्राकर उर्फ मोनू निवासी वार्ड नं 29 स्टेट बैंक के पास बीटीआई रोड महासमुंद धोखाधड़ी कर आवेदक के नाम से पंजीकृत सिम, पैन कार्ड, बैंक खाता का उपयोग बिना अनुमति एवं जानकारी के लाखों का ट्रांजेक्शन किया गया है।

आवेदन में प्रार्थी ने बताया उसने योगेश चंद्राकर से मार्च 2026 में पेन कार्ड बनवाने को लेकर चर्चा की थी। इसके बाद करीबन 05-06 मार्च को आरोपी उसे एक मोबाईल दुकान लेकर गया और वहां नया सिम जारी करवाया। अगले दिन जीएसटी सुविधा केंद्र (च्वाईस सेंटर) ले जाकर पैन कार्ड बनवाने के लिये बुलवाया और कुछ पेपर पर साइन करवाया व अकाउंट भी खुलवाया। उसके बाद उसे न ही सिम दिया गया और न ही अकाउंट। इसके बाद उसने जीएसटी सुविधा केंद्र जाकर अपना आधार कार्ड दिखाकर पता किया तो बैंक ऑफ बड़ौदा में उसका बैंक खाता होने का पता चला।

फिर बैंक जाकर अकाउंट नंबर का स्टेटमेंट निकलवाया, जिससे पता चला कि उक्त अकाउंट से लाखों के ट्रांजेक्शन हो रहे हैं, जिसे उसके द्वारा नहीं किया गया था। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 318(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

कांग्रेस ने झीरम के फैसले को कहा-आधा अधूरा न्याय

भाजपा पर लगाए आरोप, कहा- मामले की जांच को रोकने और दिशा को भटकाने का किया प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

झीरम घाटी कांड में आए फैसलों को लेकर कांग्रेस ने अदालत के फैसले का स्वागत किया है। लेकिन, इसे आधा अधूरा न्याय बताते हुए कांग्रेसियों ने कहा है कि एनआईए की जांच शुरू से दिशाहीन रही। एनआईए ने घटना के राजनीतिक षड़यंत्रों के पहलू की जांच नहीं की। जिन 10 लोगों की एनआईए ने गिरफ्तारी की और जिनको दोषी पाया गया है वे छोटे नक्सली थे। इतनी बड़ी घटना बिना बड़े नक्सली नेताओं के संभव नहीं थी। एनआईए ने बड़े नक्सली नेताओं का नाम शुरू की एफआईआर में शामिल किया था, बाद में उन्हें हटा दिया।

कांग्रेस भवन में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव की अगुवाई में प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि फैसले से

घटना की साजिश का पर्दाफाश नहीं हुआ। अब भी जो सवाल अनुत्तरित हैं उनमें कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा की सुरक्षा क्यों हटाई गई? यात्रा के मार्ग को किसने और क्यों बदलवाया? हमले की योजना किसने बनाई? जब-जब बड़े नक्सलियों ने समर्पण किया तब सरकार ने दावा किया कि ये झीरम हमले में शामिल थे। एनआईए ने उनसे पूछताछ क्यों नहीं की? घटना के प्रत्यक्षदर्शियों, जो कि घायल भी थे, उनमें से कितनों से एनआईए ने पूछताछ की? झीरम हमले के दौरान घायल और जीवित बचे पीड़ितों का बयान तक नहीं लिया गया। कई बार प्रभावितों ने जांच एजेंसियों के समक्ष शपथ पत्र के साथ हाजिर हुए लेकिन उनके बयान शामिल ही नहीं किए गए। हत्याकांड के हफ्तों बाद भी शहीदों और घायलों के पर्स, फाइलें, महत्वपूर्ण दस्तावेज बिखरे पड़े रहे, किसी का भी मोबाइल ज़ब्त नहीं किया गया। एनआईए ने छत्तीसगढ़ सरकार की पुलिस द्वारा गठित एसआईटी को जांच से क्यों रोका? एनआईए ने तत्कालीन मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, मुख्य सचिव, डीजीपी, एडीजी नक्सल से कब पूछताछ की? बड़े नक्सली नेताओं के नाम क्यों हटे? शामिल हैं। प्रेस वार्ता के दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर, शहर अध्यक्ष गुरमीत चावला, संजय शर्मा सहित अन्य कांग्रेसजन मौजूद रहे।

भाजपा नहीं चाहती झीरम का सच सामने आए

प्रेसवार्ता के दौरान कांग्रेसजनों का आरोप है कि झीरम मामले में भाजपा की तत्कालीन सरकार शुरू से संदिग्ध रही। भाजपा ने इस मामले की जांच को रोकने और दिशा को भटकाने का हर संभव प्रयास किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष धर्मलाल कौशिक न्यायिक जांच आयोग के खिलाफ स्टे लेकर आए। कांग्रेस की सरकार ने छत्तीसगढ़ पुलिस की एसआईटी का गठन किया तो एनआईए जांच रोकने स्टे लेकर आ गई। सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ पुलिस की एसआईटी के पक्ष में जांच का फैसला दिया तो ढाई साल में साय सरकार ने जांच शुरू नहीं की। भाजपा नहीं चाहती झीरम का सच सामने आए। एनआईए की जांच और कार्यप्रणाली से भी यही साबित हुआ है। घटना के वक्त भी सरकार व नक्सली में सांठ-गांठ थी और आज फैसला आने के बाद भी बड़े नक्सली लीडरों को एनआईए द्वारा बचाया गया है, जो सरकार व एनआईए की नक्सलियों से सांठ-गांठ का स्पष्ट प्रमाण है।

शासकीय अस्पताल में लगा नि:शुल्क एचएलए कैंप

सरायपाली। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आई नागेश्वर राव के निर्देशानुसार सरायपाली के बीएमओ डॉ नारायण साहू के मार्गदर्शन एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ कुणाल नायक के निर्देशन में बाल आयुष फाउंडेशन रायपुर द्वारा स्वर्गीय मोहनलाल चौधरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सिकल सेल एवं थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए एक कैंप आयोजित किया गया। इस कैंप में जो बच्चे सिकल सेल एनीमिया थैलेसीमिया से पीड़ित है उनका एवं उनके परिवार का एचएलए मैचिंग के लिए सैंपल लिया गया उनमें से जिन बच्चों का सैंपल मैच होगा, उनका बोन मैरो ट्रांसप्लांट निशुल्क किया जाएगा, जिससे उनके रोगों का समाधान स्थाई होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली में पदस्थ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. कुणाल नायक का सतत मार्गदर्शन एवं विशेष सहयोग रहा। उनके द्वारा ऐसे मरीजों से सतत संपर्क बनाकर काम किया। परिणाम स्वरूप कैंप में 36 बच्चों का एवं उनके परिवारजनों का सैंपल लिया गया है, जो आगे जांच हेतु बाहर जाएगा, जिससे उनका निशुल्क उपचार संभव हो पाएगा। इसकी जानकारी बाल आयुष फाउंडेशन के कोऑर्डिनेटर कमल साहू ने दी। इस शिविर को सफल बनाने हेतु चिरायु दल बसना एवं सरायपाली के चिकित्सक डॉ. जनक कुमार जेरी, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. अनूपा दास, डॉ जयश्री दुतकामणी, डॉ लोकेश साव, डॉ कुलदीप प्रधान, फार्मासिस्ट भीष्म प्रताप राणा, उसत पटेल, परमेश्वर सेन, सुनीता साव, देवकी पटेल तथा बाल आयुष फाउंडेशन की पूरी टीम आदि मौजूद रहे।

मास डिस्कनेक्शन अभियानः 201 बकायादार उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन कटे

1.25 करोड़ रुपए से अधिक की बकाया राशि हेतु बड़ी कार्रवाई; विद्युत चोरी के 5 प्रकरण भी दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विद्युत बकाया राशि की वसूली एवं राजस्व संग्रहण में तेजी लाने के उद्देश्य से महासमुंद संभाग में 05 सितंबर 2026 को विशेष 'मास डिस्कनेक्शन अभियान' चलाया गया। यह व्यापक कार्रवाई ए.के. लखेरा, मुख्य अभियंता (रा.ग्रा.क्षे.) एवं एसके साहू, अधीक्षण अभियंता, महासमुंद वृत्त के निर्देशन तथा पीआर वर्मा, कार्यपालन अभियंता के नेतृत्व में संचालित की गई।

अभियान के दौरान बिरकोनी, तुमगांव एवं महासमुंद ग्रामीण वितरण केंद्रों के अंतर्गत आने वाले बकायादार उपभोक्ताओं के विरुद्ध सामूहिक रूप से घरेलू, गैर-घरेलू, कृषि-एलाइड एवं औद्योगिक श्रेणियों के विद्युत कनेक्शन विच्छेदित करने की सख्त कार्रवाई की गई। इस वृहद अभियान को प्रभावी ढंग से अंजाम देने हेतु महासमुंद, पिथौरा, सरायपाली एवं गरियाबंद से सहायक अभियंताओं और कनिष्ठ अभियंताओं की विशेष टीमें गठित की गई थीं।

वितरण केंद्रवार कार्रवाई का ब्योरा

महासमुंद ग्रामीण वितरण केंद्रः 112 बकायादार उपभोक्ता 67,59,239 बकाया राशि, बिरकोनी वितरण केंद्रः 64 बकायादार उपभोक्ता 54,37,997.92 बकाया राशि, तुमगांव वितरण केंद्रः 25 बकायादार उपभोक्ता 3,11,267 बकाया राशि, कुल योगः 201 बकायादार उपभोक्ता 1,25,08,503.92 (1.25 करोड़ से अधिक)।

प्रमुख बकायादारों के कटे कनेक्शन एवं मौके पर वसूली

कार्रवाई के दौरान कई बड़े बकायादारों के कनेक्शन काटे गए। इनमें ठाकुर राम ध्रुव (धनसूली), संजय कुमार टांडे (धनसुली), मनोज कुमार बघेल (धनसुली), पुनीत राम सतनामी (घोड़ारी), विजय शंकर (घोड़ारी), यादव स्टोन (घोड़ारी) तथा कृष्ण कुमार चंद्राकर (नंदगांव) सहित अन्य प्रमुख उपभोक्ता शामिल हैं। विभाग की इस सख्त कार्रवाई के तुरंत बाद 17 उपभोक्ताओं द्वारा मौके पर ही कुल 8,13,457 की बकाया राशि का तत्काल भुगतान किया गया।

बिजली चोरी के 5 मामले दर्ज

अभियान के दौरान सघन जांच करते हुए विद्युत चोरी के 5 मामले भी रंगे हाथ पकड़े गए। विभाग द्वारा भोलाराम चंद्राकर (खैरा), राजकुमार (सारडीह), कमलसेन (कौंदकेरा), ईश्वर लाल ध्रुव (कौंदकेरा) तथा शब्बीर टंडन (भोरिंग) के विरुद्ध विद्युत अधिनियम के तहत बिजली चोरी के प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

मुख्य अभियंता ने ली समीक्षा बैठक

राजस्व वसूली की स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मुख्य अभियंता (रायगढ़ ग्रामीण क्षेत्र) द्वारा मैदानी अधिकारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में संभाग अंतर्गत बकाया विद्युत राशि की वसूली की प्रगति का जायजा लेते हुए सभी कार्यपालन यंत्रियों एवं सहायक अभियंताओं को शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मुख्य अभियंता ने स्पष्ट किया कि राजस्व वसूली विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि वसूली कार्य में अपेक्षित प्रगति न होने अथवा किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी के विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

अनाधिकृत कनेक्शन जोड़ने पर धारा 138 के तहत होगी कार्रवाई

विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि असुविधा एवं कनेक्शन कटने से बचने के लिए अपने बिजली बिलों का भुगतान हर माह समय पर करें। साथ ही सख्त चेतावनी दी गई है कि यदि कोई उपभोक्ता बिना बकाया राशि चुकाए या बिना अनुमति के कटे हुए कनेक्शन को स्वतः पुनः जोड़ता है, तो उसके खिलाफ विद्युत अधिनियम की धारा 138 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

खबर संक्षेप

कोरोना काल में उत्कृष्ट सेवा देने वाले डॉ. कुलवंत का सम्मान

पिथौरा। चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले समाज के गौरव एवं वरिष्ठ एमडी मेडिसिन डॉ. कुलवंत अजमानी का नगर आगमन पर सामाजिक युवाओं द्वारा आत्मीय सम्मान किया गया। पिथौरा टप्पा पहुंचे डॉ. अजमानी को युवाओं ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनके सेवाभावी दृष्टिकोण और सामाजिक सरोकार की सराहना की। उल्लेखनीय है कि कोरोना महामारी के भीषण दौर में डॉ. कुलवंत अजमानी ने मरीजों की जान बचाने के लिए अनुकरणीय और निस्वार्थ सेवाएं दी थीं। उनके इसी उत्कृष्ट कार्य और समर्पण को देखते हुए तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा उन्हें राज्य स्तर पर सम्मानित भी किया जा चुका है। सम्मान के दौरान उपस्थित प्रबुद्धजनों ने कहा कि राजधानी रायपुर में अपनी अत्यधिक व्यस्त दिनचर्या और जिम्मेदारियों के बावजूद अपने गृह अंचल और ग्रामीण क्षेत्र के प्रति उनकी संवेदनशीलता प्रेरणादायक है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से दीपक सलूजा, परमीत सिंह माटा, प्रिंस सलूजा, रौनक सलूजा एवं गंभीर जी सहित समाज के अनेक युवा उपस्थित रहे।

प्रांतीय प्राचार्य सचिव के रूप में हुए रासबिहारी सम्मानित

बसना। मॉडर्न पब्लिक स्कूल बसना में रासबिहारी प्रधान को उनके संपूर्ण सेवाकाल के उत्कृष्ट योगदान के लिए छत्तीसगढ़ पेंशनर्स संघ के प्रांतीय प्राचार्य सचिव के रूप में गौरव एवं कृतज्ञता सम्मान से सम्मानित किया गया है। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि प्रधान का शिक्षा के क्षेत्र में अनुशासन, समर्पण, नेतृत्व क्षमता और प्रशासनिक दक्षता अनुकरणीय रही है। उन्होंने अपने कार्यकाल में न केवल विद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाया, बल्कि स्मार्ट क्लास, अनुशासित वातावरण और संस्कारयुक्त शिक्षा के लिए विशेष प्रयास किए। इस अवसर पर स्टाफ के सभी शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान पूरे बसना क्षेत्र के लिए गौरव की बात है।

मोंगरापाली में यादव सदन निर्माण के लिए विधायक ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

ग्राम मोंगरापाली 'स' में यादव सदन निर्माण के लिए खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने भूमिपूजन किया। इस अवसर पर ग्राम में भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद सदस्य हेमसिंग नायक ने की। भूमिपूजन के दौरान विधायक यादव ने यादव सदन निर्माण के लिए विधिवत पूजा-अर्चना की और निर्माण कार्य की शुरुआत की।

इस अवसर पर विधायक द्वारिकाधीश यादव ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सामाजिक एवं सामुदायिक भवन समाज को एकजुट करने के साथ विभिन्न आयोजनों के लिए उपयोगी स्थान उपलब्ध कराते हैं। यादव सदन के निर्माण से ग्रामीणों को सामाजिक एवं सामुदायिक गतिविधियों के लिए सुविधा मिलेगी। उन्होंने निर्माण कार्य से जुड़े लोगों से गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए कार्य को व्यवस्थित तरीके से पूरा करने की बात कही। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, सरपंच यशवंत पटेल, करतार नायक, लीलाराम साहू, गोमती चमन साहू, चैतराम यादव, विक्रम साहू, ढालेंद्र ठाकुर, टीकूराम साहू, दीपक चंद्राकर, प्रसन्न मिश्रा सहित जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

धूमधाम से मनाया कृष्ण जन्माष्टमी पर्व

मोंगरापाली स में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान कृष्ण की पूजा-अर्चना और आरती के साथ हुआ। मुख्य अतिथि विधायक यादव ने भगवान कृष्ण के चरणों में नमन कर क्षेत्रवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

शिक्षक दिवस पर सांकरा कन्या शाला की छात्राओं ने बिखेरे सांस्कृतिक रंग, शिक्षिकाओं का हुआ स्वागत

महासमुंद/सांकरा। स्थानीय शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला सांकरा में शिक्षक दिवस का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और सांस्कृतिक उमंग के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत भारत के पूर्व राष्ट्रपति व महान शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं आदरपूर्वक पूजा-अर्चना के साथ हुई। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। छात्राओं ने अपने गुरुओं के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए शाला की प्रधान पाठिका खेमलता प्रधान एवं शिक्षिका पुष्पलता शुक्ला का विशेष रूप से सम्मान किया। बच्चों ने तिलक लगाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर अपने शिक्षकों का आशीर्वाद लिया।

शिक्षक दिवस के इस पावन अवसर पर सांकरा की प्रतिष्ठित समाज सेवी संस्था 'मारवाड़ी युवा मंच' द्वारा भी विद्यालय पहुंचकर राष्ट्र निर्माता शिक्षकों का आदर-सत्कार किया गया। संस्था के इस सराहनीय कदम और सम्मान के लिए विद्यालय परिवार ने मारवाड़ी युवा मंच के प्रति सहृदय आभार व धन्यवाद व्यक्त किया है। संपूर्ण कार्यक्रम अत्यंत गरिमामय और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

होली फेथ स्कूल में शिक्षक दिवस सम्मान समारोह

महासमुंद। द न्यू होली फेथ स्कूल में शिक्षक दिवस सम्मान समारोह का आयोजन हर्षोल्लास पूर्वक किया गया। कार्यक्रम गणेश संस्था के प्राचार्य शर्वरी पींचा एवं समस्त शिक्षाकवृंद के द्वारा से माता सरस्वती एवं शिक्षाविद, दार्शनिक आदर्श शिक्षक सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम रूपरेखा अनुसार सफल संचालित हुई। उद्बोधन स्वरूप संस्था के चेयरमैन महेंद्र जैन ने बताए कि शिक्षक हमारे मार्गदर्शक है। डॉ कृष्णन सर्वश्रेष्ठ शिक्षक, आदर्श विचारवादी, दार्शनिक, देश के दूसरे क्रम के राष्ट्रपति बनकर दिए महत्वपूर्ण योगदान पर भी अभिव्यक्ति दिए। प्राचार्य शर्वरी पींचा ने शिक्षा को रेखांकित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह वह शतिशाली अस्त्र है जो व्यक्ति में ईमानदारी, आत्मविश्वास, नैतिक मूल्यों संस्कार, कल्पनाशीलता को प्रज्ज्वलित करता है। इस सुअवसर पर बच्चों ने शिक्षकों के लिए एक अलग नए अंदाज में क्विज कंपीटिशन रखे थे, प्रश्नों का उत्तर देने में टीचर भी लालायित, उत्सुक रहे। विद्यार्थीगण कक्षा बारहवीं की छात्रा यादमीन यादव, आयुष नायक, नाजिर ने शिक्षकों प्रति सम्मान, आभार, कृतज्ञता प्रकट किए। समस्त अध्यापकों को ससम्मान उपहार भेंट कर आशीष प्राप्त किए। बच्चों की मेहनत रंग लाई कार्यक्रम बहुत ही रोचक, आनंदित रहा। कार्यक्रम का संचालन हायर सेकंडरी की छात्राओं गुरलीन कौर, श्रुति साहू, साक्षी झा, अदिति चंद्राकर ने संयुक्त रूप से किया। मैनेजमेंट मार्गदर्शक शिक्षिका नंदनी साहू, वीडियो ग्राफी जयेश जैन, आभार व्यक्त ललिता चंद्राकर ने किया।

सिद्धिविनायक गणेशोत्सव समिति ने किया पंडाल का भूमिपूजन

महासमुंद। हाउसिंग बोर्ड ईडब्ल्यूएस कॉलोनी मचेवा में इस वर्ष गणेशोत्सव को लेकर उत्साह का माहौल है। रविवार को सिद्धिविनायक गणेशोत्सव समिति मचेवा की ओर से गणेश पूजा पंडाल का विधिवत भूमिपूजन किया गया। पं. जयप्रकाश तिवारी ने वैदिक अनुष्ठान एवं मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन संपन्न कराया। समिति के यजमान फलेश्वर गिरी गोस्वामी एवं उनकी धर्मपत्नी हेमपुष्पा गिरी गोस्वामी रहे। समिति के सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष गणेशोत्सव का तीसरा वर्ष है। 14 सितंबर से शुरू होकर 24 सितंबर तक चलने वाले उत्सव को लेकर कॉलोनीवासियों में खासा उत्साह है। आयोजन को भव्य बनाने के लिए समिति द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कार्यक्रम में कमलेश पटेल, मालिकराम यादव, रेखराम साहू, डालाराम चंद्राकर, कांति निषाद, किशन नारंग, रमेश सोनी, सुनील तिबुड़े, आरती तिबुड़े, संगीता सिन्हा, दुष्यंत राव घाड़गे, रोहणी घाड़गे, सोनल तिवारी, गोदावरी भोई, गौरव तिबुड़े, माही तिबुड़े, श्याम भोई, आदि पटेल, रुचि साहू, धर्मेंद्र जगत, किशन श्याम सहित बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी मौजूद रहे।

पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा की हुई मासिक बैठक

महासमुंद। छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा महासमुंद की मासिक बैठक पेंशन भवन में हुई। सर्व प्रथम बैठक में नये पेंशनरों संतोष चंद्राकर, अंगद पटेल, दिलीप क्षत्रे, विजय लक्ष्मी शर्मा, जौहर लाल वत्सल, राजेश शर्मा एवं रामध्यान सिंह का तिलक लगाकर, श्रीफल एवं अंग वस्त्र भेंटकर सम्मान किया गया। सेवानिवृत्त पेंशनरों ने बारी-बारी से कार्यकाल के अनुभव सुनाया। माह सितम्बर में जन्मतिथि वाले पेंशनरों आरके वर्मा का जन्मदिन पर पुष्प माला एवं श्रीफल भेंटकर मंत्रोच्चरण कर मनाया गया।

पेंशनर संघ के संरक्षक के आर चंद्राकर, जिलाध्यक्ष डॉ अशोक गिरि गोस्वामी, उपाध्यक्ष केके हनुमंता ने पेंशनरों के समस्याओं के समाधान हेतु अपने विचार प्रस्तुत किए। जिलाध्यक्ष गोस्वामी ने 17 दिसम्बर 2026 को महासमुंद में राज्य स्तरीय पेंशनर दिवस मनाने के संबंध में जानकारी प्रदान की। पेंशनर दिवस को सफल बनाने के सम्बन्ध में समितियों के गठन की जानकारी दी तथा समिति के सदस्यों को उनके दायित्व बताए। रामध्यान सिंह ने अपने पेंशन निर्धारण के संबंध में समस्या बताई, जिसकी निराकरण के लिए आश्वासन दिया गया मौजूद रहे। आभार प्रदर्शन बीआर ध्रुव ने किया। बैठक में बंशी चंद्राकर, बसंत चंद्राकर, बीआर देवांगन, मनराखन ध्रुव, रघुनाथ सिन्हा, आरके कश्यप, सतीश पांडेय, भानू सूर्यवंशी, गजानंद चंद्राकर, चिंतामणि चंद्राकर, मनराखन लाल ध्रुव, कोषाध्यक्ष बसंत चंद्राकर, रामकुमार साहू, बसंत साहू, बीआर ध्रुव कार्यालय सचिव, एसएस दीवान, आरके वर्मा, तेजराम साहू, चमन चंद्राकर, पावन देवांगन, रामलाल श्रीवास, छबि राम दीवान, राम बाई गुरुदत्ता, चिंतामणि चंद्राकर, सतीश पांडेय, राजेंद्र कश्यप, रघुनाथ सिन्हा, बंसीलाल चंद्राकर, बैसाखूराम निर्मलकर, शिवकुमार ध्रुव, रामनारायण चंद्राकर, कांतिलाल यादव, विजयलक्ष्मी शर्मा, शालिक चंद्राकर, केके चंद्राकर, महेश शर्मा, डीआर सोरी, धनेश्वर सिन्हा, नामित साहू, अंगद पटेल रामलाल साहू, लेख राम साहू मौजूद रहे।

पेंशनर्स एसोसिएशन की हुई मासिक बैठक में विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

महासमुंद। पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक 01 सितम्बर को तहसील अध्यक्ष राम कुमार साहू की अध्यक्षता में बेमचा स्थित गायत्री मंदिर परिसर में आहूत की गयी। बैठक का संचालन सचिव शिवकुमार साहू ने किया। मंचासीन प्रमुख अतिथि के रूप में आर साहू अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, ग्रामीण उपाध्यक्ष गोवर्धन साहू, कोषाध्यक्ष आईएम कुरैशी, सह सचिव राधेश्याम दुबे, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य देवनारायण सिंह बिसेन, वरिष्ठ सदस्य एलएन शर्मा, आरके श्रीवास्तव, यूएस रामगढ़िया, संगठन मंत्री चमन लाल साहू सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ भगत साहू के संचालन में मंचासीन अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन के साथ हुआ। भगत द्वारा माह अगस्त में 80वें स्वतंत्रता दिवस पर मंदिर प्रांगण में किये गये ध्वजारोहण की जानकारी दी। अपने उदबोधन में रामचरित मानस के रचयिता महाकवि तुलसीदास से संबंधित अनेक जानकारी विस्तार से सप्रसंग बताया। इसके उपरांत संगठन के नये सदस्यों क्रमशः गोवर्धन प्रधान पूर्व प्राचार्य शिक्षा विभाग, संजय तिवारी ड्रेसर ग्रड 01 स्वास्थय विभाग, युसुफ मोहम्मद कुरैशी पूर्व प्रधान पाठक शिक्षा विभाग, मीना गुप्ता उच्च वर्ग शिक्षिका शिक्षा विभाग, हरिराम धीवर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी जल संसाधन विभाग का स्वागत किया गया। आरके श्रीवास्तव ने संगठन विस्तार एवं आठवें वेतन मांग की रिपोर्ट आने के बाद की स्थिति में सभी पेंशनरों को संघर्ष के लिए सजग रहने की अपील की। एलएन शर्मा ने शासन द्वारा पेंशनर्स जगत की समस्याओं को अनदेखा करने एवं संगठन की विभिन्न मांगों पर ध्यान नहीं देने के प्रति आक्रोश व्यक्त किया। महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष आर साहू, देवनारायण सिंह बिसेन, यूएस रामगढ़िया, एसपी तिवारी एवं अन्य वक्ताओं ने उद्बोधन में संगठन की एकता एवं विस्तार पर जोर देते हुए सभी सदस्यों से योगदान की अपील की। पश्चात पेंशनर देवनारायण साहू, मुरलीधर पटेल ने स्वरचित कविताओं का पठन किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में रामकुमार साहू ने गत माह संगठन द्वारा पेंशनरों की समस्याओं को लेकर किये गये कार्यो एंव अन्य सांगठनिक गतिविधियों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नगर पालिका महासमुंद द्वारा सतबहिनया चैक स्थित भवन को शीघ्र सौंप दिया जाएगा एवं संगठन का कार्य विधिवत रूप से नये भवन में संचालित होगा। संगठन मंत्री चमनलाल साहू ने आभार प्रदर्शन किया। बैठक में चंद्रकला गोस्वामी, विष्णुप्रसाद साहू, रामकुमार साहू, बोधनलाल साहू, ज्ञानसिंग चंदेल, रमेश गुप्ता, एसपी तिवारी, एमआई खान आदि मौजूद रहे।

विधायक ने लोहारगांव में किया ग्रामीणों से भेंट-मुलाकात सुनी समस्याएं और दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने रविवार को ग्राम लोहारगांव में ग्रामीणों से आत्मीय भेंट-मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्रवाई एवं समस्याओं के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। साथ ही नवजात शिशुओं के लिए शिशु किट एवं नवविवाहित बहनों को उपहार प्रदान किया गया।

भेंट-मुलाकात के दौरान विधायक ने कहा कि जनता की सेवा और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने तथा विकास कार्यों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। ग्रामीणों ने अपने बीच विधायक को पाकर प्रसन्नता व्यक्त की और क्षेत्र की समस्याओं को सीधे उनके समक्ष रखने का अवसर मिलने पर आभार जताया। विधायक ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि

क्षेत्र के विकास एवं जनसमस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं और आगे भी जनता के विश्वास पर सदैव खरा उतरने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। गांवों के विकास के लिए सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि एवं रोजगार के क्षेत्र में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। आने वाले समय में क्षेत्र के विकास को और अधिक गति प्रदान करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य नैन पटेल, जनपद सदस्य हुमन दीवान, वरिष्ठ भाजपा नेता संदीप घोष, राजेंद्र चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थें।

शहर की सड़कों पर आसपास के गांवों के साथ दूसरे जिलों के मवेशी भी, पालिका ने बढ़ाई निगरानी

महासमुंद। शहर की सड़कों एवं सार्वजनिक स्थानों पर खुले में घूम रहे मवेशियों को लेकर नगर पालिका परिषद द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ शर्मा ने बताया कि शहर में केवल आसपास के गांवों के ही नहीं, बल्कि दूसरे जिलों से आने वाले मवेशी भी सड़कों पर पाए जा रहे हैं। सीएमओ बताया कि टैग लगे मवेशियों की पहचान कर उनके मालिकों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए नगर पालिका के विभिन्न विभागों के प्रभारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी मैदान में उतारा गया है। कर्मचारी शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में घूमकर मवेशियों की निगरानी एवं टैग के आधार पर उनकी पहचान कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कई बार आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के पशु मालिक अपने मवेशियों को शहर की ओर छोड़ देते हैं। इसके अलावा अन्य जिलों से भी मवेशियों के शहर में आने की स्थिति सामने आ रही है। ऐसे मवेशियों के संबंध में उपलब्ध जानकारी के आधार पर उनके मालिकों की पहचान की जाएगी तथा संबंधित क्षेत्र के पशु मालिकों को नोटिस देकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने पशु मालिकों से कहा है कि वे अपने मवेशियों को खुले में न छोड़ें और उन्हें सुरक्षित स्थान पर रखें। सड़कों पर मवेशियों के विचरण से यातायात प्रभावित होने के साथ दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। उन्होंने कहा कि शहर की सड़कों को मवेशियों से मुक्त रखने के लिए पालिका द्वारा अभियान लगातार जारी रहेगा। मवेशियों को जानबूझकर खुले में छोड़ने वाले पशु मालिकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

खबर संक्षेप

नवसृजन ने शिक्षकों का किया सम्मान

महासमुंद। शिक्षक दिवस पर नव सृजन संगठन तुमगांव द्वारा स्वर्गीय रेख राम साहू की स्मृति में नगर पंचायत तुमगांव के समस्त विद्यालयों को सप्रेम भेंट प्रदान कर शिक्षकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर संगठन के सदस्यों ने विद्यालयों में पहुंचकर शिक्षकों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की। संगठन द्वारा स्वर्गीय रेख राम साहू की स्मृति को सामाजिक सरोकारों से जोड़ते हुए शिक्षा एवं शिक्षकों के सम्मान की यह पहल की गई। कार्यक्रम में संयोजक देवेंद्र कुमार साहू, संरक्षक धनी राम साहू, सदस्य परस साहू, कुलदीप साहू, हर्ष शर्मा, अशोक यादव, द्रोण साहू, नरेंद्र साहू, कमल साहू एवं गजेंद्र साहू सहित संगठन के सदस्य उपस्थित रहे। शाला के शिक्षक जितेंद्र कुमार, बोलराम नेताम उपस्थित रहे।

नाली जाम की समस्या का समाधान, व्यवसाइयों ने कचरा नहीं फेंकने पर दी सहमति

महासमुंद। झलप में पानी निकासी बाधित होने के कारण नाली जाम होने की स्थिति की सूचना मिलने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर शनिवार की सुबह राजस्व एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर समस्या का निराकरण किया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के कार्यपालन अभियंता आशीष कुलदीप ने मौके पर उपस्थित रहकर जेसीबी के माध्यम से नाली में जमा अवरोध को हटवाया, जिससे पानी की निकासी सुचारू हुई और तत्काल जलभराव एवं जाम की स्थिति से राहत मिली। इस दौरान स्थानीय लोगों ने क्षेत्र की खराब सड़कों को लेकर अपनी समस्याएं भी अधिकारियों के समक्ष रखीं। अधिकारियों ने मौके पर स्थिति का जायजा लेते हुए आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। छिलपावन चौक के आसपास के दुकानदारों एवं व्यवसायियों से चर्चा कर नाली में कचरा नहीं डालने तथा पानी की निकासी के लिए नाली को खुला रखने की अपील की गई।

लाफिनकला में रोपे विभिन्न प्रजातियों के 200 पौधे

महासमुंद। ग्राम पंचायत लाफिन कला एवं वन विभाग के सौजन्य से ग्राम लाफिन कला में जन्माष्टमी पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रजातियों के लगभग 200 पौधों का रोपण किया गया। ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने पौधों के संरक्षण और नियमित देखभाल का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि पेड़-पौधे केवल पर्यावरण को स्वच्छ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित एवं स्वस्थ भविष्य की नींव हैं। बढ़ते प्रदूषण और बदलते पर्यावरणीय

परिस्थितियों के बीच अधिक से अधिक पौधे लगाना तथा लगाए गए पौधों को वृक्ष बनने तक संरक्षित करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। ग्रामीणों ने भी पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास जारी रखने की बात कही। कार्यक्रम में सरपंच राधेश्याम साहू, पूर्व सरपंच केतन कुमार साहू, ग्रामीण अध्यक्ष राम कुमार साहू, हेमू राम साहू, जगदीश साहू, गिरीश साहू, जीवराखन साहू, थनवार पटेल, थनवार साहू, पवन साहू, रोमन पटेल, प्रकृति प्रेमी राजेश शर्मा, महेश चंद्राकर (जिला आरएसएस प्रमुख), पप्पू कन्नौजे (महासमुंद), ओमप्रकाश पटेल, गोवर्धन प्रसाद साहू, कमलेश कुमार साहू, नेतन पटेल, नरोत्तम पटेल, हरिराम साहू, तोष कुमार साहू, ओमप्रकाश साहू, वेदराम साहू, रीतेश पटेल एवं भोजराम साहू सहित ग्रामीणजन एवं पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे।

बिंद्रावन से कोसमर्रा धौराभांठा मार्ग खराब, राहगीर हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

बिंद्रावन से कोसमर्रा धौराभांठा को जोड़ने वाला मुख्य प्रधानमंत्री सड़क मार्ग पूरी तरह खराब हो चुका है। धौराभांठा और छुरा को जोड़ने वाली इस प्रमुख सड़क पर जगह-जगह अनगिनत और गहरे गड्ढे बन गए हैं, जिससे आए दिन राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भरी बरसात के इस मौसम में सड़क की हालत और भी भयावह हो गई है। गड्ढों में पानी भर जाने के कारण सड़क का अंदाजा लगाना मुश्किल हो गया है, जिससे दोपहिया और

चारपहिया वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पूरी तरह से जर्जर अवस्था में पहुंच चुकी है। बताया जाता है ग्राम बिंद्रावन से पतेरापाली बोइरगांव - कोसमर्रा छुरा मार्ग को जोड़ता है। मुख्य मार्ग होने से हजारों राहगीर शाम रात तक आवागमन करते है। जगह-जगह सड़क पर गढ्ढे ही गढ्ढे इस मार्ग की दयनीय स्थिति के कारण स्कूली वाहन और राहगीरों का आवागमन में सबसे ज्यादा दिक्कत आ रही है। ग्रामीणों और राहगीरों ने शासन-प्रशासन और संबंधित लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि इस जर्जर सड़क का तुरंत संज्ञान लेकर इसके डामरीकरण और मरम्मत का कार्य कराया जाए।

शिक्षा एवं स्वास्थ्य के संकेतकों में सुधार के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश

आकांक्षी जिला एवं विकासखंड कार्यक्रम के सूचकांकों की कलेक्टर ने की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

आकांक्षी जिला एवं विकासखंड कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को जिला कार्यालय के सभा कक्ष में जिले में निर्धारित विभिन्न सूचकांकों की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, राज्य नोडल अधिकारी शिवम मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अनुपमा आनंद ने संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर सूचकांकों की वर्तमान स्थिति, प्रगति एवं सुधार के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली।

बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास तथा आधारभूत सुविधाओं से संबंधित संकेतकों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आकांक्षी जिला एवं विकासखंड कार्यक्रम के प्रत्येक सूचकांक को प्राथमिकता के साथ लिया जाए तथा जिन संकेतकों में जिले अथवा विकासखंड की स्थिति अपेक्षाकृत कमजोर है, उनमें सुधार के लिए विभागवार कार्ययोजना बनाकर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। शिक्षा के संकेतकों पर विशेष फोकस समीक्षा के दौरान शिक्षा विभाग से संबंधित संकेतकों की विशेष रूप से समीक्षा की गई। बैठक के पूर्व राज्य नोडल अधिकारी द्वारा मैदानी निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति का जायजा लिया गया एवं

सीधे हितग्राहियों एवं ग्रामीणों से चर्चा की गई।

बैठक में विकासखंड पिथौरा में हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में 60 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या कम पाए जाने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को विद्यालयवार स्थिति का विश्लेषण कर कमजोर प्रदर्शन वाले विद्यालयों को चिन्हांकित करने, विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धि बढ़ाने के लिए नियमित मॉनिटरिंग, अतिरिक्त शैक्षणिक सहयोग एवं आवश्यक सुधारात्मक गतिविधियां संचालित करने कहा गया। इसी तरह कम्युनिटी लाइब्रेरी के निर्माण/व्यवस्था को यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए, ताकि विद्यार्थियों एवं स्थानीय समुदाय को अध्ययन के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध हो सके। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि लाइब्रेरी को केवल भवन तक सीमित न रखते हुए पुस्तकों, अध्ययन सामग्री एवं उपयोगी संसाधनों से सुसज्जित कर नियमित उपयोग सुनिश्चित करें।

स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार के लिए सतत निगरानी

स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत आने वाले आकांक्षी जिला कार्यक्रम के विभिन्न संकेतकों की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण तथा स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच से जुड़े संकेतकों में निरंतर सुधार के लिए मैदानी स्तर पर निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए। कमजोर संकेतकों वाले क्षेत्रों की पहचान कर लक्षित हस्तक्षेप करने पर जोर दिया गया।

समय पर डाटा एंट्री और प्रमाण-पत्र भेजने के निर्देश

बैठक में निर्देश दिए गए कि आकांक्षी जिला एवं विकासखंड कार्यक्रम से संबंधित सभी गतिविधियों एवं उपलब्धियों का समयावधि में डाटा एंट्री सुनिश्चित किया जाए। डाटा की गुणवत्ता एवं प्रमाणिकता पर विशेष ध्यान देते हुए संबंधित अधिकारी नियमित रूप से इसकी समीक्षा करें। पूर्व में किए गए कार्यों तथा आयोजित संपूर्णता समारोह आदि से संबंधित उपयोगिता प्रमाण-पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज यथाशीघ्र राज्य कार्यालय को भेजने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में आदिवासी विकास विभाग, पशुपालन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों के विकासखंड स्तरीय अधिकारी, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। निर्देशित किया गया कि कार्यक्रम को केवल रिपोर्टिंग तक सीमित न रखते हुए जमीनी स्तर पर परिणाम आधारित सुधार सुनिश्चित करें, ताकि जिले के पिछड़े संकेतकों में तेजी से सुधार लाकर विकासखंडों को प्रदर्शन की श्रेणी में लाया जा

सितली नाला की सफाई में पेंशनर्स भी जुटे, श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्वाध्याय केंद्र समिति द्वारा चलाए जा रहे 'अविरल सितली-निर्मल सितली' अभियान के तहत शुक्रवार को सितली नाला क्षेत्र में पेंशनर्स एसोसिएशन सहित शहर के नागरिकों ने श्रमदान किया। सुबह 7 बजे से 8 बजे तक चले श्रमदान कार्यक्रम में लोगों ने नाला क्षेत्र की साफ-सफाई की और जलस्त्रोतों को स्वच्छ एवं संरक्षित रखने का संदेश दिया। श्रमदान में पेंशनर्स एसोसिएशन के सदस्यों के साथ अन्य नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी की। इस दौरान लोगों ने नाला क्षेत्र में सफाई कार्य करते हुए अभियान के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दिया।

अभियान से जुड़े पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा ने कहा कि श्रमदान और जनभागीदारी के माध्यम से सितली नाला के स्वरूप को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी जलस्त्रोत के संरक्षण के लिए केवल प्रशासनिक प्रयास पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि समाज के सभी वर्गों की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने बताया कि 'अविरल सितली-निर्मल सितली' अभियान के माध्यम से सितली नाला की सफाई, पौधरोपण और जनजागरूकता से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य लोगों को शहर के जलस्त्रोतों के संरक्षण के प्रति जागरूक करना और उन्हें स्वच्छ बनाए रखने के लिए सामूहिक प्रयास को बढ़ावा देना है।

श्रमदान कार्यक्रम में पेंशनर्स एसोसिएशन महासमुंद के अध्यक्ष रामकुमार साहू सहित शिवकुमार साहू, अश्वनी शर्मा, चमनलाल साहू, देवनारायण सिंह बिसेन, बोधन लाल साहू, ज्ञान सिंह चंदेल, रामकुमार साहू, आरके श्रीवास्तव, एनएल शर्मा, सुरेशकुमार, हेमलाल साहू, संतोषकुमार साहू, यू.एस. रामगढ़िया, टुकेश्वर गजेंद्र, घनश्याम भारद्वाज, चिंताराम साहू और गोवर्धन प्रधान सहित अन्य नागरिकों ने श्रमदान किया।

हर्षोल्लास से मनाया वृंदावन विद्यालय में जन्माष्टमी का पर्व

भजन संध्या, आकर्षक झांकी, काव्य गोष्ठी, मटका फोड़ रही आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्थानीय वृंदावन विद्यालय में जन्माष्टमी का पर्व एमआर विश्वनाथन एवं सुजाता विश्वनाथन के मार्गदर्शन में हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। इस वर्ष नन्हे बाल गोपाल व राधा रानी की झांकी, भजन संध्या, कवि सम्मेलन एवं दही हांडी फोड़ कार्यक्रम के माध्यम से दर्शक देर रात तक झूमते रहे। वेद प्रकाश निर्मलकर (सोनू) की श्याम भजन मंडली, भगवताचार्य पं. आकाश मिश्रा (लखनपुर) की भजन संध्या, बोड़ीदादर भजन संध्या में जन्माष्टमी पर भक्तों को देर रात (कृष्ण जन्म तक) बांधे रखा। स्कूली बच्चों की आकर्षक राधाकृष्ण की झांकी ने सभी का हृदय जीत लिया। साहित्यकार टेकराम सेन चमक के संयोजन में कवि डॉ. रामशरण चंद्राकर के जन्मदिवस पर

जन्माष्टमी पर्व में एक नई कड़ी जोड़ते हुए कवि सम्मेलन का आयोजन भी हुआ। कवि सुरेंद्र अग्निहोत्री, डॉ. रामशरण चंद्राकर, सुजाता विश्वनाथन द्वारा कृष्ण पर कविताएं समर्पित करते हुए सभी को भाव विभोर कर दिया गया। साहित्यकार टेकराम सेन ने कहा कि पल पल राह निहारती आंखे तेरी ओर जब से बिछड़े सांवरे दुख का ओर न छोर। इस अवसर पर चंद्रशेखर सिंह गौर ने संगीतमय गीत सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर प्रिया योगेश्वर राजू सिन्हा, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पार्षद माखन पटेल, महेंद्र सिका सहित अन्य अतिथियों का आगमन हुआ। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद ने कहा कि वृंदावन विद्यालय अपनी उच्चकोटि एवं संस्कारों की शिक्षा के लिये पूरे शहर में पहचान स्थापित किया है। इस कार्यक्रम के लिये सालभर अभिभावकों एवं शहरवासियों की प्रतीक्षा रहती है। कार्यक्रम में इंदु मिश्रा, अमृता चंद्रकार, उर्मिला अग्निहोत्री, रिंकी कुर्रे, प्रवीण साहू, होमेश साहू, अमन वर्मा, संध्या सोना, नीरु मांझी, सुषमा साहू, तोषिका भोसले, हिमानी सोनकर, कांत तांडेकर, चंदन तारक, वर्षा चंद्राकर, भूमिका वर्मा, डोरा मेडम, शुभ्रा अग्रवाल, मोनिषा बावनकर, अंशु यादव, नंदिनी साहू, स्वाति ठाकुर, हेमलता वर्मा, श्वेता दुबे, लक्ष्मीनारायण, तुषार सहित जी. विजयलक्ष्मी, बंशी साहू, मुकेश साहू, जीएस गौर, डॉ. मधुराज देवांगन, डॉ. डीके साहू सहित शहरवासियों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन टेकराम सेन चमक, प्रवीण साहू एवं आभार प्रदर्शन सुजाता एमआर विश्वनाथन ने किया। उक्त जनकारी विद्यालय प्राचार्य इंदु मिश्रा ने दी है।

देवरी स्कूल 69 छात्राओं को बांटी गई निःशुल्क साइकिल

महासमुंद। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में शनिवार को छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत निःशुल्क सरस्वती सायकल का वितरण जिला पंचायत महासमुंद के उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर के मुख्य आतिथ्य में हुआ। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह द्वारा चालू की गई योजना है। कुछ छात्राएं आवागमन की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण विद्यालय में प्रवेश नहीं ले पाते थे वो छात्राएं अब निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना से सायकल पाकर नियमित विद्यालय में उपस्थित हो रहे है। इस वर्ष देवरी स्कूल के कुल 69 छात्राओं को इस योजना का लाभ मिला। कार्यक्रम को विद्यालय के प्राचार्य डोमन सिंह टंडन, सरपंच अहिल्या देवी साहू,

उपसरपंच फनिश यादव, शांताराम साहू और शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राकेश चंद्राकर ने संबोधित किया। समिति के सदस्य गण सोहन मार्कंडेय, डॉ देवांगन, कामता दल, धनेश्वर मलिक, शिव साहू, रश्मि यादव, दिलेश्वर यादव, राजू वास उपस्थित रहे। विद्यालय में सायकल पाकर लाभार्थी छात्राएं बहुत खुश और उत्साहित नजर आई। शाला प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष चंद्रकला पुरेना, चित्ररेखा साहू, यशोदा साहू विशेष रूप से शामिल रहे। संचालन व्याख्याता परस राम सिन्हा ने किया। सायकल वितरण कार्यक्रम से पहले शिक्षक दिवस मनाया गया। विद्यालय में पदस्थ समस्त व्याख्याता गण संजय बारसागडे, आनंद राम व्योहार, नीलू सोनी, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, रवि प्रकाश पात्रे, भोज राम ध्रुव, सहायक शिक्षक देवानंद चंद्राकर, उद्देश्याम यादव, मौसमी चंद्राकर, कार्यालयीन कर्मचारी रईस मिर्जा, कार्तिक यादव का तिलक, पुष्प गुच्छ से स्वागत कर उपहार भेंट किया गया और विद्यालय हेतु इलेक्ट्रॉनिक घड़ी उपहार में प्रदान किया गया।

कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई शोभायात्रा के साथ झांकी भी निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

नगर सहित अंचल में कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न मंदिरों व घर घर में भगवान कृष्ण लड्डू गोपाल के रूप में पूजे गए।

नगर व अंचल में कृष्ण जन्माष्टमी की धूम रही। विभिन्न चौक चौराहों में भी कृष्ण जन्माष्टमी की रौनक रही युवा व बच्चों द्वारा देर रात्रि तक डीजे, संगीत बजाकर मटकी फोड़, दही लूट का आयोजन कर प्रतिभागियों को पुरस्कार बांटे। श्रद्धालुओं ने कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव में प्रातः से देर रात्रि तक भगवान कृष्ण के बाल रूप को विशेष स्नान कर आकर्षक श्रृंगार कर पूजा अर्चना की पूजा के दौरान जैसे ही घड़ी की सुई अर्ध रात्रि 12 में पहुँची वैसे ही श्रद्धालुओं में उल्लास और उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालु जय कन्हैया लाल की हाथी घोड़ा पालकी, कृष्ण भगवान

की जय घोष कर भगवान कृष्ण की महा आरती कर नारियल, केला, सेब, पंजरी, हलवा आदि का भोग प्रसाद का वितरण किया। इस अवसर पर छोटे छोटे बच्चे कृष्ण राधा का रूप ले जन्माष्टमी मनाई। नगर व आसपास विभिन्न स्कूलों में भी जन्माष्टमी मनाई। स्कूली बच्चे भी कृष्ण राधा का रूप ले झांकी निकाली, जो आस्था का केंद्र रही।

नगर में यादव समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली, जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए आयोजन स्थल पहुंची, जहां प्रसाद का वितरण किया गया। नगर के सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा कृष्ण, राधा के रूप ले भव्य शोभायात्रा निकालते जगह जगह श्रद्धालुओं द्वारा मटकी टांग मटकी फोड़, दही लुट का आयोजन किया, जहां श्रद्धालु उपस्थित होकर कृष्ण जन्माष्टमी मनाई।

12 छात्रों को प्रयास चयन गाइड बुक बांटे

बसना। शापूमाशा मोहका के शिक्षक पूर्णानंद मिश्रा द्वारा कक्षा आठवीं के ऐसे 12 विद्यार्थी जो कि प्रयास प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं उन्हें अपने स्वयं के व्यय से प्रयास चयन परीक्षा गाइड बुक प्रदान किया गया। विदित हो कि मिश्रा द्वारा पिछले वर्ष भी प्रयास परीक्षा की तैयारी कर रहे अपने विद्यालय के 8 प्रतिभागियों को प्रयास गाइड बुक प्रदान किया गया था। जिसमें की दो विद्यार्थियों का चयन प्रयास अवश्य विद्यालय में हुआ। विद्यालय के प्रधान पाठक कौशल्या चौहान संकुल समन्वयक गजेंद्र गायक, शिक्षक तुलसी पटेल ,सुदामा पटेल, किरण पाइक, प्रभाषिनी बारीक, विनय पात्र, विशिकेशन प्रधान की उपस्थिति में यह गाइड लगातार द्वितीय वर्ष प्रयास प्रतियोगी परीक्षा कके प्रतिभागियों को प्रदान किया गया। शिक्षक पूर्णानंद मिश्रा ने बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं के माहौल बनाने के लिए पिछले वर्ष उन्हें जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं का जिला नोडल अधिकारी बनाया गया था। जिसके तहत जिले के बहुत सारे विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा स्व प्रेरित होकर छात्रों को स्वयं के पैसे से गाइड बुक प्रदान किया गया था।

खबर संक्षेप

शिक्षक दिवस पर रविकांत को दी गई भावभीनी विदाई

महासमुंद। शिक्षक दिवस पर 5 सितंबर को शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला रामसागर में पदस्थ शिक्षक रविकांत गोस्वामी के स्थानांतरण पर विद्यालय परिवार एवं ग्रामवासियों द्वारा भावभीनी विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। गोस्वामी ने लगभग तीन वर्षों तक संस्था में अपनी सेवाएं देते हुए विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उपस्थित अतिथियों, जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षकों ने रविकांत गोस्वामी के कार्यकाल, सरल व्यवहार, सहयोगात्मक भावना तथा संस्था के प्रति उनके योगदान को स्मरण किया। कार्यक्रम को संस्था के प्रधान पाठक ऋषि पटेल, ग्राम पंचायत भावा की सरपंच आशाबाई ठाकुर, उपसरपंच ओसराम साहू, पंचायत के पंचगण एवं ग्रामवासियों ने संबोधित किया। इस अवसर पर ग्राम से राजकुमार ठाकुर, ओम प्रकाश यादव, धर्मेंद्र यादव, अजय ठाकुर, सुरेश निषाद एवं वीर नारायण तथा धमतरी से सुभाष साहू, कोमल साहू एवं हुमन साहू, विद्यालय परिवार की ओर से शिक्षक मुरलीधर निषाद, कोमल दीवान, प्राथमिक प्रधान पाठक दुष्यंत सिन्हा सहित सभी शिक्षक एवं रसोईया कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संकुल समन्वयक राजू कुमार देवांगन ने किया।

जनहित के मुद्दों को लेकर 7 को रायपुर में आप का धरना-प्रदर्शन

महासमुंद। आम आदमी पार्टी द्वारा प्रदेश प्रभारी मुकेश अहलावत के नेतृत्व में प्रदेश की जनता से जुड़े बुनियादी और महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर 7 सितंबर को नलघर चौक रायपुर में विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जा रहा है। इस प्रदर्शन में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों और क्षेत्रों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं आम नागरिक शामिल होंगे।

शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का हुआ सम्मान

महासमुंद। शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्रसंघ तथा समस्त विद्यार्थियों द्वारा शिक्षक दिवस पर शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य जीआर सिन्हा, विमल मन्नाडे, तोषण गिरि गोस्वामी, संजय मांझी, खोमन चंद्राकर, हेमंत खुंटे, ज्योति किरण चंद्राकर, पूजा साहू, तपस्या शर्मा, खेमलता कंवर, अनिता साहू, नोबल ध्रुव, बेला मारू, प्रज्ञा लांजेवार, कीर्तन साहू, तुलसी राम साहू, गैंदराम साहू, चंचला गुप्ता, लता वैष्णव, कल्याणी फेकर, ममता डड़सेना, संजय एक्का, विरेन्द्र सोनवानी सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का विद्यार्थियों द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन शाला नायिका दीक्षा चंद्राकर, हिमांशी टंडन, रागनी साहू तथा गरिमा सोनी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।
आभार प्रदर्शन साहित्यिक सचिव पूजा परमार ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डिम्पल चंद्राकर, अनिता यादव, समीक्षा चंद्राकर, किरण वर्मा, समीक्षा यादव, टेमेश्वरी ठाकुर, प्रीति साहू, मंजिता यादव, वसुंधरा मार्कंडे, कौशिल्या साहू का विशेष योगदान रहा।

आयोजन : बागबाहरा में कृष्ण जन्माष्टमी 'नंद उत्सव' पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां

सशिमं में भक्ति, संस्कृति, परंपरा और आनंद का सुंदर संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में परम्परानुसार इस वर्ष भी जन्माष्टमी के अवसर पर नंद-उत्सव शनिवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कृष्ण पूजन, झाँकी प्रदर्शन, दही लूट एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन रखा गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पिंकी प्रधान थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय संचालन समिति की उपाध्यक्ष श्रद्धा चंद्राकर ने की। विशेष अतिथि मंजू तिवारी, रूपेश तिवारी एवं विद्यालय संचालन समिति की साधारण सभा के सदस्य अनिल पुरोहित थे।

कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा भगवान कृष्ण के पूजन एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया। विद्यालय के भैया एवं बहिनों द्वारा कृष्ण की स्तुति एवं आरती की गई। अतिथि-परिचय आचार्य अनिमेष शर्मा ने दिया। पुरोहित ने अपने प्रास्ताविक उद्बोधन में कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर संस्कार से परिपूर्ण शिक्षा देने वाला एकमात्र विद्यालय है जो इस प्रकार के आयोजन करके संस्कार एवं संस्कृति की शिक्षा देता है। भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर कृष्ण जन्माष्टमी नंद उत्सव पर विद्यालय के भैया-बहनों द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई।

कार्यक्रम में कक्षा तृतीय के भैया-बहनों द्वारा "स्वागत है दिल से आपका", कक्षा षष्ठ से " गणेश देवा", उदय वर्ग से "जब कान्हा ने बंशी बजाई", कक्षा द्वितीय से "फ्रेंड तुम बना लो लड्डू गोपाल जी" तथा कक्षा पंचम से "सब कुछ है तेरा सरकार" जैसे गीतों की प्रस्तुतियाँ की गई। इसी क्रम में "राधा गोरी-गोरी", "हेरली तिहार मौहा के झार", "राउत नाचा", "गोविंदा आला रे आला", "जगन्नाथ चका नैना", "राधा-कृष्ण रिमिक्स" एवं "मारो घाघरो" सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां कार्यक्रम में आकर्षण रहा। कार्यक्रम में "दुर्गा स्तुति", "राधा-कृष्ण", "माई फ्रेंड गनेशा", "प्रेम की लीला-श्याम श्यामले", "नरसिंह अवतार", "अच्युतम केशवम", राजस्थानी रिमिक्स, "बारह मासी गीत", "गरबा" तथा पारंपरिक "मटकी फोड़" का भी आयोजन किया गया। विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं के भैया-बहनों द्वारा प्रस्तुत इन कार्यक्रमों एवं जीवन्त झाँकियों भक्ति, संस्कृति, परम्परा और आनंद का सुंदर संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित परिणाम में विद्यालय की छात्रा पौरवी देवांगन को नवम-स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय परिवार की ओर से स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया, वहीं छत्तीसगढ़ की प्रथम प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त उन्नति तिवारी के अभिभावक रूपेश तिवारी एवं मंजू तिवारी की ओर 3, 100 रुपए नगद देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन निधि साहू एवं साधना देवांगन ने किया। कार्यक्रम के अंत में अनिमेष शर्मा ने अतिथियों एवं अभ्यागत अभिभावकों सहित कार्यक्रम की सफलता में सहयोंग करने वाले बंधुओं-भगिनियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मनाया कृष्ण जन्माष्टमी पर्व

पिथौरा। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। शनिवार को आयोजित समारोह में विद्यालय के भैया-बहन कृष्ण राधा का रूप धारण कर शहर के अनेक स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा आमंत्रित किए जाने पर मटकी फोड़ कार्यक्रम संपन्न किया, इसके अलावा स्थानीय गुरु तेगबहादुर हाल में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों क्री प्रस्तुति दी। सशिमं द्वारा मनाया जाने वाला कृष्ण जन्मअष्टमी पर्व नगर स्तर पर मनाया गया। सुबह से कृष्ण एवं राधा क्री वेशभूषा में बच्चे विद्यालय पहुंचे। विद्यालय में भव्य कार्यक्रम में दही लूट एवं मटकी फोड़ कार्यक्रम आयोजित कर कृष्ण-राधा के वेश में बच्चे नगरजनों के आग्रह पर पिथौरा बस स्टैंड से यशवंत छाबड़ा निवास एवं सत्यनारायण अग्रवाल के निवास में भव्य सजावट के बीच दही लूट एवं दही हांडी फोड़ कार्यक्रम संपन्न करवाया। इसके बाद बच्चे गुरुतेग बहादुर हाल पहुंचे। यहां सैंकड़ो पालकों एवं दर्शकों क्री उपस्थिति में सांस्कृतिक

कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रमों में द्रौपदी चीरहरण, राधाकृष्ण महारास, वो कृष्णा है, एवं उड़िया नृत्य राधा नाची बो नृत्य ने दर्शकों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। इसके पूर्व राधा एवं कृष्ण बने भैया-बहनों का मंच पर रैंप क्री तर्ज पर दर्शकों ने दीदार किया। वेशभूषा एवं हावभाव के लिए राधा कृष्णा क्री प्रतियोगिता भी कराई गयी

सरस्वती शिशु मंदिरों में अंग्रेजी के साथ संस्कार क्री पढ़ाई- अनीता

कार्यक्रम क्री मुख्य अतिथि बसना क्री पूर्व जनपद अध्यक्ष अनीता अग्रवाल ने अपने उदबोधन में सशिमं में बच्चों को दिए जाने वाले संस्कारों को विद्यालय क्री विशिष्ट पहचान बताया। उन्होंने विद्यालय द्वारा भारतीय संस्कृति को बचाये रखने के लिए साधुवाद दिया। कार्यक्रम में उपस्थित विशेष अतिथि पार्षद रामकुंवर सिन्हा, स्काउट गाइड संघ के अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल एवं स्काउट गाइड संघ क्री उपाध्यक्ष मनमीत कौर सलूजा ने विद्यालय क्री गतिविधियों क्री सराहना करते हुए भगवान कृष्णा के चरित्र का वर्णन किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रामचंद्र अग्रवाल ने कृष्ण जन्माष्टमी के संबंध में अपने विचार रखते हुए प्रशंसा क्री। उन्होंने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर ही एक ऐसा विद्यालय हैं, जहां हिंदी माध्यम से पढ़ाई कराई जाती हैं परंतु यहां के बच्चे अंग्रेजी माध्यम के बच्चों से भी अच्छी अंग्रेजी बोलते और समझते हैं। संचालन विद्यालय की हसीना बुडेक एवं यशोदा यादव एवं आभार प्रदर्शन विद्यालय की प्राचार्य गायत्री राजपूत ने किया।

अछरीडीह स्कूल में धूमधाम से मनाया गया जन्माष्टमी पर्व

बिरकोनी। ग्राम अछरीडीह के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में जन्माष्टमी का त्योहार धूमधाम से मनाया। बच्चों ने मनमोहक पोशक पहनकर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मटकी फोड़ और फैंसी ड्रैस आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान पाठक मैथलीशरण ठाकुर ने किया। इस दौरान स्कूल के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न भक्ति गीतों, लघु नाटिकाओं, कृष्ण-राधा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता व मटकी फोड़ कार्यक्रम का प्रस्तुति दी। बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। इस अवसर पर प्रधान पाठक मैथिलीशरण ठाकुर, रूखमणि साहू, भुनेश्वरी पटेल, ज्योति चंद्राकर, प्राची यादव सहित ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन

इसी तरह शनिवार को सरस्वती शिशु मंदिर में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। छात्रों ने आचार्यो व दीदी को पुष्प भेंट कर स्वागत किया। स्कूली बच्चों ने काफी श्रद्धाभाव के साथ शिक्षक पूर्व राष्ट्रपति डा सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद किया। आचार्य मैथलीशरण सिंह ने कहा कि प्रथम देवता गुरु, दूसरी माता, तीसरे पिता हैं जिसके बिना ज्ञान संभव नहीं है इसलिए हर किसी को अपने गुरु की सेवा करना चाहिए। इनसे लोगों को सीखना चाहिए। अपने शिक्षकीय कार्यों को याद करते हुए कहा कि एक शिक्षक अपने ज्ञानरूपी प्रकाश छात्रों के लिए समर्पित कर देता है।उन्होंने कहा कि गुरु एक सच्चा मार्ग दर्शक होता है। इस अवसर पर प्रधान पाठक मैथिलीशरण ठाकुर, रूखमणि साहू, भुनेश्वरी पटेल, ज्योति चंद्राकर, प्राची यादव आदि मौजूद रहे।

देव संस्कृति विद्यालय में धूमधाम से मनाई गई भगवान कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व

महासमुंद। देव संस्कृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भगवान कृष्ण का 5253 वां जन्माष्टमी पर्व हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी एवं शिक्षकगणों के द्वारा मां सरस्वती एवं भगवान कृष्ण के छायाचित्रों पर पुष्पमाला एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर नन्हे मुन्ने बच्चे भगवान कृष्ण, राधा, सुदामा बलराम, गोप एवं गोपिकाओं की मनमोहक वेशभूषा में सजकर पहुंचे। बच्चे राधा कृष्ण की वेशभूषा दही लूट, मटकी फोड़, कुर्सी दौड, कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। वही दही लूट कार्यक्रम में हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी के विद्यार्थियों ने खूब आनंद उठाया तथा विद्यालय के भवन की ऊंचाई पर मक्खन की मटकिया बांधी गई गई। विद्यार्थियों ने बारी- बारी से आंखों पर पट्टी बांधकर मटकी फोड़ने का प्रयास किया। उत्साह और रोमांच से भरे इस आयोजन में मटकी फोड़ने वाले छात्रों का कार्यक्रम में आए अतिथियों ने तालियों के साथ उत्साहवर्धन किया और बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। भजन कीर्तन और प्रतियोगिताओं से पूरा वातावरण कृष्णमय में हो गया। बच्चों ने कृष्ण और राधा की वेशभूषा में मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी ने बताया कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन से आपसी भाईचारा, सद्भाव और उत्साह को बढ़ावा मिलता हैं। संस्था के अध्यक्ष शशिप्रभा थिटे ने कहा दही हांडी का उत्सव भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं और उनकी माखन चोरी की परंपरा को याद करने का एक प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक माध्यम है। इस कार्यक्रम से पूरा विद्यालय परिसर भगवान कृष्ण की जयघोष से गूंज उठा। इस अवसर पर बच्चों ने कृष्ण के बाल स्वरूप, उनकी लीलाओं एवं भारतीय संस्कृति से जुड़े विभिन्न प्रसंगों को अपनी वेशभूषा एवं प्रस्तुतियों के माध्यम से जीवंत किया। कार्यक्रम का मंच संचालन व्याख्याता गायत्री सेन ने किया। इस अवसर पर कुबेर प्रकाश गिरी (प्राचार्य), शशि थिटे (अध्यक्ष), दूषण लाल साहू, कृष्ण कुमार साहू, दिनेश प्रताप ठाकुर, जितेंद्र कुमार चक्रधारी, लोकेश चंद्राकर, ऋषभ साहू, यमन सिन्हा, अनीता पिल्लई (प्राथमिक प्रभारी), गरिमा साहू, बसंती यादव, किरण विश्वकर्मा, जय श्रीवास्तव, दीपा साहू, मीरा चंद्राकर, कुमारी साहू, ललिता सिन्हा, गायत्री सेन, दीपा साहू, भूमिका चंद्राकर, पुष्पा भारती चंद्राकर, संजू पारेश्वर, रामेश्वरी साहू, लता निषाद, सुनीता साहू, लक्ष्मी कामेश्वरी बाग, जामुन साहू, गायत्री साहू, लक्ष्मी साहू, ममता प्रजापति, रेख राम पटेल, नेमीचंद साहू (शाला नायक) उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी शिक्षक कृष्ण कुमार साहू ने दी हैं।

नवाचार की उड़ानः राज्य शिक्षक पुरस्कार 2026-27 के लिए रिंकल बग्गा एवं राम प्रसाद साहू का चयन

तेंदूकोना। बागबाहरा विकास खंड के लिए यह गौरव का विषय है कि शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले दो शिक्षकों का चयन राज्य शिक्षक पुरस्कार 2026-27 के लिए हुआ है। शासकीय प्राथमिक शाला धरमपुर (स.) के सहायक शिक्षक रिंकल बग्गा तथा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बिंद्रावन के शिक्षक राम प्रसाद साहू ने अपने नवाचारी प्रयासों से विद्यालयों को सीखने, प्रयोग करने और आगे बढ़ने का केंद्र बनाया है।रिंकल बग्गा ने प्राथमिक शिक्षा में नवाचार, तकनीक और समुदाय की सहभागिता को जोड़कर कई प्रभावी पहल की हैं। उनके विद्यालय में हर घर ब्लैकबोर्ड, प्रिंट रिच वातावरण, रीडिंग कॉर्नर, सामुदायिक पुस्तकालय, विज्ञान का पिटारा, एसटीईएम एवं आईसीटी आधारित गतिविधियां, हर्बल गार्डन और किचन गार्डन जैसी पहल संचालित हैं। कोविड काल में बच्चों

के घरों के बाहर ब्लैकबोर्ड बनाकर पढ़ाई को घर तक पहुंचाया गया। बच्चों में डिजिटल एवं रचनात्मक कौशल विकसित करने के लिए एआई टूल्स, ब्लॉक कोडिंग, ई-कंटेंट, एनीमेशन और प्रोजेक्ट आधारित गतिविधियों का उपयोग किया जाता है। बालिका शिक्षा, एफएलएन और नई शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों को भी विद्यालयी गतिविधियों से जोड़ा गया है। वहीं, राम प्रसाद साहू ने कबाड़ से जुगाड़, शून्य निवेश नवाचार और गतिविधि आधारित शिक्षण के माध्यम से बच्चों के सीखने को रोचक बनाया। स्थानीय एवं अनुपयोगी सामग्री से शिक्षण-सहायक सामग्री तैयार कर बच्चों को 'करके सीखने' के अवसर दिए गए। उनके शाला से लगातार तीन वर्षों से बच्चों का चयन प्रयास परीक्षा में होना उनके सतत प्रयासों और रचनात्मक सोच को दर्शाता है। दोनों शिक्षकों के प्रयास यह संदेश देते हैं कि सीमित संसाधनों में भी कल्पनाशीलता, समर्पण, समुदाय की भागीदारी और नवाचार के माध्यम से सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण एवं आनंदमय शिक्षा का वातावरण बनाया जा सकता है। उनका चयन बागबाहरा विकासखंड के लिए गौरव की बात है कि 2018 के बाद यह पुरस्कार बागबाहरा विकासखंड के दोनों शिक्षकों को मिला है। चयन पर बागबाहरा विकासखंड के शिक्षा विभाग के विभिन्न अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षकों एवं विकासखंड के जनप्रतिनिधियों, अन्य विभाग के अधिकारियों ने हर्ष जताया है।

शिशु संस्कार केंद्र में हर्षोल्लास से मनाया गया शिक्षक दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शिशु संस्कार केंद्र में भारत के पूर्व राष्ट्रपति, प्रख्यात शिक्षाविद् एवं महान दार्शनिक डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती शिक्षक दिवस के रूप में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा डॉ राधाकृष्णन के छायाचित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर पूजा.अर्चना के साथ हुई।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिशु कल्याण शिक्षा समिति के पारस चोपड़ा, शरद जैन, मनोहर पींचा तथा अरुण जोशी उपस्थित रहे। हायर सेकंडरी के पदाधिकारी विद्यार्थियों द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में गुरु के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। छात्र.छात्राओं ने शिक्षक वंदन एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान पर केंद्रित एक भावपूर्ण नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह की खूब सराहना बटोरी। शाला की प्राचार्य सरला सोनी, प्रधानाचार्य नैना श्रीवास्तव, गुरप्रीत कौर एवं भावना गांधी ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। वक्ताओं ने शिक्षकों की अथक मेहनत व लगन का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति समर्पित रहने, गुरुजनों का आदर करने तथा उनके बताए आदर्शों पर चलकर जीवन में सफलता अर्जित करने की प्रेरणा दी। समिति के अध्यक्ष पारस चोपड़ा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में शिक्षक और शिष्य के पवित्र संबंध और आधुनिक संदर्भों में इसके महत्व को रेखांकित किया।

कार्यक्रम के अंत में समिति की ओर से शाला के सभी शिक्षक.शिक्षिकाओं को उपहार भेंटकर सम्मानित किया गया। वहीं विद्यार्थियों ने अपनी ओर से गुरुजनों को शिक्षक की सबसे बड़ी शक्ति कलम और श्रीफल भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर संस्कार पब्लिक स्कूल की शिक्षिका कुसुम साहू और शिशु संस्कार केंद्र के शिक्षक किशोर गुप्ता ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के संदर्भ में संबोधित कर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में शिशु संस्कार केंद्र के अध्यक्ष आदित्य साहू, करुणा जोशी, उपाध्यक्ष आस्मीन खान, योगेश्वर साहू, सौरभ सिंह चौहान, सचिव चूड़ामणि यादव, तनुष्का पटेल, सहसचिव इशभ देवांगन, योगेश साहू सहित अन्य विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम संचालन करुणा जोशी यशकांत शेल्के, उपासना यादव और आदित्य साहू ने कार्यक्रम प्रभारी शिक्षक अमिताभ शर्मा और सुनीता वानी के मार्गदर्शन में किया।

सशिमं में शिक्षक दिवस पर हुआ सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन पर शिक्षक दिवस शिक्षक सम्मान का कार्यक्रम बड़ी उत्साह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ आचार्य अनिमेष शर्मा, अध्यक्षता वरिष्ठ आचार्य सुनीता गुप्ता एवं विशेष अतिथि वरिष्ठ आचार्य नंद कुमार चक्रधारी, विद्यालय संचालन समिति के व्यवस्थापक राहुल अग्रवाल सदस्य अनिल पुरोहित एवं बृजेश कुमार गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती, ओम, भारत माता एवं डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन बहिन साधना देवांगन एवं निधि

साहू ने किया, किशोर भारती सेनापति भैया सुनील बांधे ने उपस्थित अतिथियों का परिचय करवाया। विशेष अतिथि पुरोहित ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चे जीवन में माता पिता एवं शिक्षकों द्वारा बताया गया मार्ग पर चलकर एक अच्छा नागरिक बनना है आप चाहे किस पद पर हो वह मायने नहीं रहता आप कितना ईमानदारी से अपना कार्य को निभा रहे है। वह सबसे बड़ी बात है। चक्रधारी ने कहा कि हमारी भारतीय शिक्षा पद्धति सर्वांगीण विकास पर ध्यान देकर बनाई गई शिक्षा के क्षेत्र में कई गुरु होते है जो हमें विद्यालय में शिक्षा देते वह शिक्षा गुरु होते कोई खेल के क्षेत्र में ज्ञान देते है वह भी शिक्षक है। अपने विद्यालय के भैया - बहनों, विद्यालय संचालन समिति एवं भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ संयोजक राहुल अग्रवाल अध्यक बृजेश कुमार गुप्ता द्वारा सभी आचार्य-दीदी को फल एवं उपहार देकर सम्मानित किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में कन्या एवं किशोर भारती के भैया/ बहिनों का योगदान सराहनीय रहा।

विधायक निवास में मनाया गया शिक्षक दिवस समारोह, शिक्षकों के योगदान को किया याद

बागबाहरा। शिक्षक दिवस पर बागबाहरा स्थित विधायक निवास में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों के योगदान और शिक्षा के क्षेत्र में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की गई। समारोह में विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षक समाज निर्माण की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। वे केवल विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि उनके व्यक्तित्व, संस्कार और भविष्य को दिशा देने का कार्य भी करते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज और राष्ट्र की प्रगति में शिक्षा की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है और इस दिशा में शिक्षकों का योगदान सदैव सम्माननीय रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने ज्ञान और अनुभव से विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। एक अच्छे शिक्षक का प्रभाव विद्यार्थी के पूरे जीवन पर पड़ता है। इसलिए शिक्षकों के सम्मान के साथ-साथ शिक्षा के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना भी जरूरी है। समारोह में लखबीर सिंग छाबड़ा, अशोक अग्रवाल, खेमराज सिन्हा, राजेश सोनी, दुर्गा सागर, राहुल यादव, दिनेश मोंगरे, हरिराम यादव, हरकेश ठाकुर, राहुल कुलदीप, मुकुंद सिन्हा, डॉ खिलेश्वर सिन्हा, पुरुषोत्तम साहू सहित कांग्रेस संगठन के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।